बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

संकल्प

संकल्प सं0:- 6427944 / पटना, दिनांक :- 30/10/2026

ग्रा0वि0-R-504/07/2026-Section-14-RDD-RDD (COM No-561087)

सुश्री नेहा कुमारी (अनुक्रमांक-108380), ग्रामीण विकास पदाधिकारी-सह- प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कटरा (मुजफ्फरपुर) सम्प्रति-निलंबित के विरूद्ध सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-4429 दिनांक-06.03.2026 के माध्यम से प्राप्त निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना के ज्ञापांक-251 दिनांक-17.02.2026 में प्रतिवेदित किया गया कि सुश्री नेहा कुमारी के विरूद्ध परिवादी श्री अवधेश कुमार, पिता-जयदेव भगत, ग्राम- अजितपुर बकुची, थाना-कटरा, जिला-मुजफ्फरपुर के पत्नी के नाम से "छाया लाईट एंड साउंड सर्विस एंड टेंट हाउस" द्वारा बिहार विधान सभा निर्वाचन चुनाव 2025 के अवसर पर CAPF के ठहराव स्थल पर टेंट एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी कार्य का कुल राशि 7,40,061/- रूपया भुगतान करने के एवज में 1,40,000/- रूपया रिश्वत मांगने के आरोप में निगरानी थाना कांड संख्या-08/2026, दिनांक-12.01.2026, धारा-7(a) भ्र०नि०अधि०, 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) दर्ज किया गया।

2. प्रतिवेदित मामले की समीक्षा की गयी तथा सम्यक समीक्षोपरांत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के संगत प्रावधानों के तहत विभागीय संकल्प संख्या-5709986 दिनांक-04.06.2026 द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। प्रकियात्मक कारणों से निलंबन की प्रभावी तिथि के अंदर सुश्री नेहा कुमारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु आरोप पत्र गठित नहीं हो सका ।

3. अतएव सम्यक विचरोपरांत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9(7) में निहित प्रावधान के आलोक में सुश्री नेहा कुमारी (अनुक्रमांक-108380) के निलंबन अवधि को अगले 04 (चार) माह के लिए विस्तारित किया जाता है ।

4. निलम्बन की अवधि में सुश्री नेहा कुमारी को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-10 के तहत अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. निलम्बन के आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

30/09/2026

(नलिन प्रताप राणा)

विशेष कार्य पदाधिकारी।

स्पीड पोस्ट/
ई मेल

ज्ञापांक:- 6427944 /ग्रा0वि0 पटना, दिनांक :- 22/10/2026

प्रतिलिपि:- प्रमंडलीय आयुक्त, कार्यालय मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना/ जिला कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/सुश्री नेहा कुमारी (अनुक्रमांक-108380), ग्रामीण विकास पदाधिकारी-सह- प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कटरा (मुजफ्फरपुर) सम्प्रति-निलंबित (मुख्यालय- प्रमंडलीय आयुक्त, कार्यालय मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर)/ प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा- 03, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/ आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग (विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्श हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/09/2026

विशेष कार्य पदाधिकारी।